विश्व हिंदी दिवस

12 जनवरी 2026

विश्व हिंदी दिवस प्रतिवर्ष 10 जनवरी को हिंदी भाषा के वैश्विक महत्व और उसके प्रसार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इसी अवसर पर, क़ासिद – साहित्यिक समिति द्वारा दिनांक 12 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक अंतर-महाविद्यालयीय कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक विकास प्रकोष्ठ के सहयोग तथा श्री शुभम मिश्रा और डॉ. सीमा चौधरी के मार्गदर्शन में किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के महत्व से अवगत कराना तथा उन्हें हिंदी के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने हेतु एक मंच प्रदान करना था।

इस अवसर पर क़ासिद द्वारा तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। आयोजित प्रतियोगिताएँ निम्नलिखित हैं:

अन्वेषण – ट्रेज़र हंट प्रतियोगिता

काव्यमंच – ओपन माइक प्रतियोगिता

विचारधारा – वाद-विवाद प्रतियोगिता

इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को हिंदी भाषा में अपने विचार, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति कौशल प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का

आयोजन क़ासिद – साहित्यिक समिति द्वारा समन्वित रूप से किया गया, जिससे संस्थान में हिंदी भाषा के प्रति रुचि और साहित्यिक सहभागिता को प्रोत्साहन मिला।